# बाराबंकी स्पिनिंग मिल की जमीन पर बसाया जाएगा औद्योगिक क्षेत्र


■ **NBT रिपोर्ट, कानपुर :** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) बंद पड़ी बाराबंकी स्पिनिंग मिल की 70 एकड़ जमीन पर नया औद्योगिक क्षेत्र बसाएगा। करीब 12.52 करोड़ रुपये के बजट के साथ यहां बिजली, पानी, सड़क और लॉजिस्टिक्स जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। अथॉरिटी ने इच्छुक कंपनियों से प्रस्ताव मांगे हैं।

बाराबंकी स्पिनिंग मिल की लखनऊ एयरपोर्ट से दूरी 46 किमी है। बाराबंकी शहर यहां से सिर्फ 6 किमी दूर है। औद्योगिक निवेश को आकर्षित करने के लिए यूपीसीडा ने औद्योगिक, आईटी और वेयरहाउसिंग इकाइयों की स्थापना के लिए अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित की है। उद्यमियों की जरूरत के हिसाब से प्लॉट का साइज तय किया जाएगा। सारी जानकारी अथॉरिटी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

इसी तरह प्रयागराज की मेजा तहसील में 175 एकड़, बांदा जिले के मवई बुजुर्ग गांव में 90 एकड़ और बलिया जिले की रसड़ा तहसील में 57 एकड़ जमीन पर नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। मेजा में पूर्व यूपी स्टेट यार्न कंपनी लिमिटेड का यह स्थल सड़क, रेल और हवाई मार्ग से बेहतरीन कनेक्टिविटी प्रदान करता है। यह एनएच-35 के पास भी है। बांदा के मवई बुजुर्ग गांव की 90 एकड़ जमीन एनएच-335 और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से करीब है। यहां से कानपुर और बुंदेलखंड के बाकी जिलों में आसानी से पहुंचा जा सकता है।

**70** एकड़ जमीन पर लगाई जाएंगी फैक्ट्रियां | यूपीसीडा बनवाएगा आधारभूत ढांचा

AI Image



“ बाराबंकी स्पिनिंग मिल परियोजना और मेजा, बांदा और बलिया जिलों में औद्योगिक क्षेत्रों का विस्तार निवेशकों को बेहतर बुनियादी ढांचा प्रदान करेगा। साथ ही रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

*–मयूर माहेश्वरी, सीईओ, यूपीसीडा*